## लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल
## गौतम नगर, भोपाल 462023

दूरभाषः–0755–2583650 ईमेल–mpsacteam@gmail.com

क्र/अकादमिक/ 105 /अभ्यास/2023–24/3406 भोपाल, दिनांक 22-12-2023

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
शा0हाईस्कूल एवं उ.मा.विद्यालय
मध्यप्रदेश

**विषयः**– वर्ष 2024 के वार्षिक परीक्षा पूर्व अभ्यास के आयोजन विषयक।

-----00-----

सत्र 2023–24 में प्रदेश के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की वार्षिक परीक्षा के पूर्व अभ्यास दिनांक 08.01.2024 से दिनांक 13.01.2024 तक कराए जाएं। इस हेतु निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैं –

1. राज्य स्तर से विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य लॉगइन पर दिनांक 05.01.2024 से संलग्न प्रपत्र–1 में दर्शाई गयी सूची अनुसार प्रश्नपत्र उपलब्ध होंगे, जिन्हें प्राचार्य डाउनलोड कर उनके विद्यालय की छात्र संख्या अनुसार फोटोकॉपी/मुद्रित करा सकेगें।

1.1 विभिन्न विषयों के 2–2 प्रश्न–पत्र बायलेंग्वल

1.2 कक्षा–9वीं से 12वीं हेतु अपलोड किए अभ्यास प्रश्नपत्रों के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आदर्श उत्तर

2. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी अंक योजना के आधार पर विद्यालय स्तर पर भी विभिन्न विषयों के और अधिक सेट तैयार कराये जाकर अभ्यास कराया जा सकता है।
3. जिन विषयों के प्रश्न–पत्र संचालनालय स्तर से उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, उनके 2–2 सेट विद्यालय प्राचार्य अपने स्तर पर मण्डल द्वारा जारी अंक योजना के आधार पर आदर्श उत्तर सहित तैयार कराएंगे।
4. संलग्न प्रपत्र–2 के अनुसार, दिनांक 08.01.2024 से 13.01.2024 की अवधि में प्रतिदिन उस दिनांक को दर्शाए विषय शिक्षक द्वारा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को प्रश्न–पत्र हल करने हेतु एक दिवस पूर्व विषय कालखण्ड में दिए जाएंगे तथा उस हेतु मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। विद्यार्थी मार्गदर्शन प्राप्त करने के उपरांत उन प्रश्न–पत्रों को कक्षा में हल कर सकते हैं अथवा प्रश्न–पत्र को हल करने के लिए अपने घर भी ले जा सकते हैं। अभ्यास हेतु विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिकाएं भी उपलब्ध कराई जाएं।
5. पूर्व दिवस पर दिए गए प्रश्न–पत्र की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अगले कार्य दिवस में विषय शिक्षक करेंगे एव उसी दिन विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान भी करेंगे।

क्रमशः

6. उपर्युक्त बिन्दु 4 एवं 5 के अनुसार कार्यवाही हेतु दिनांक 08.01.2024 से प्रत्येक विषय हेतु दो कालखण्डों को एक किया जावे, जिससे विषय शिक्षक को कठिन बिन्दुओं को हल कराने हेतु पर्याप्त समय मिल सके।
7. वार्षिक परीक्षा पूर्व अभ्यास की यह प्रक्रिया दिनांक 13.01.2024 तक चलेगी। इस दौरान विद्यालय की अन्य गतिविधियां सामान्य रूप से चलती रहेंगी।
8. दिनांक 15जनवरी से वार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने तक, इन उत्तर पुस्तिकाओं के परीक्षण से शिक्षक, विद्यार्थियों के कमजोर बिन्दुओं पर अधिक फोकस कर अभ्यास करा सकेंगे। दिनांक 15.01.2024 से समस्त कक्षाएं नियमित रूप से पूर्ववत समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएं तथा परीक्षा पूर्व अभ्यास के आधार पर जो विद्यार्थी जिन विषय बिन्दुओं में कमजोर है, उन्हें उनकी तैयारी कराई जाए।
9. समस्त विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा पूर्व अभ्यास संपन्न हुआ है, इसको सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय में कक्षावार, विषयवार एवं छात्रवार अंको का संधारण किया जाए एवं प्राचार्य 9वीं से 12वीं की कक्षाओं के सी, डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों का रिकार्ड स्वयं की डेस्क पर रखें तथा वार्षिक परीक्षा के पूर्व अभ्यास में समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करावें।
10. **"अभ्यास प्रश्नपत्र अभ्यास मात्र के लिए हैं यह आवश्यक नहीं कि वार्षिक परीक्षा में इन्हीं प्रश्नपत्रों में से प्रश्न पूछे जाएंगे।"**
11. जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिले के किन्ही 10 विद्यालयों के अभ्यास कार्यक्रम का निरीक्षण कर प्रतिवेदन राज्य को mpsacteam@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न– 1. परिशिष्ट– 1 एवं 2

(अनुभा श्रीवास्तव) 22/12
आयुक्त
लोक शिक्षण म.प्र.

पृ.क./अकादमिक/105/अभ्यास/2023–24/3407 भोपाल, दिनांक 22/12/2023

प्रतिलिपि –

1. प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा म.प्र. शासन की ओर सूचनार्थ।
2. संभागीय संयुक्त संचालक, समस्त संभाग म.प्र।
3. जिला शिक्षा अधिकारी समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त 22/12
लोक शिक्षण म.प्र.

**परिशिष्ट–1**

| परीक्षा पूर्व अभ्यास 2023–24,कक्षा 9वीं एवं 10वीं हेतु राज्य स्तर से उपलब्ध कराये जाने वाले प्रश्न–पत्रों की सूची | |
|---|---|
| स.क्र | विषय |
| 1 | हिन्दी |
| 2 | अंग्रेजी |
| 3 | संस्कृत |
| 4 | गणित |
| 5 | विज्ञान |
| 6 | सामाजिक विज्ञान |

| परीक्षा पूर्व अभ्यास 2023–24,कक्षा 11वीं एवं 12वीं हेतु हेतु राज्य स्तर से उपलब्ध कराये जाने वाले प्रश्न–पत्रों की सूची | |
|---|---|
| स.क्र | विषय |
| 1 | हिन्दी |
| 2 | अंग्रेजी |
| 3 | संस्कृत |
| 4 | भौतिक शास्त्र |
| 5 | रसायन शास्त्र |
| 6 | गणित |
| 7 | जीव विज्ञान |
| 8 | राजनीति विज्ञान |
| 9 | इतिहास |
| 10 | अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य समूह) |
| 11 | भूगोल |
| 12 | लेखाशास्त्र |
| 13 | व्यवसाय अध्ययन |

(अनुभा श्रीवास्तव) 22/12
आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय, म0प्र0

परिशिष्ट–2

कक्षा–9वीं एवं 10वीं हेतु दिनांक 08.01.2024 से 13.01.2024 तक अभ्यास कार्यक्रम

| दिनांक | प्रथम एवं द्वितीय कालखण्ड अभ्यास प्रश्न पत्र हेतु समय | तृतीय नियमित कालखण्ड | चतुर्थ नियमित कालखण्ड | मध्यावकाश | पंचम एवं छष्टम् कालखण्ड अभ्यास प्रश्न पत्र हेतु | सप्तम् नियमित कालखण्ड | अष्टम् कालखण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 10:50 से 12:10 | 12:10 से 12:50 | 12:50 से 1:30 | 1:30 से 1:50 | 1:50 से 3:10 | 3:10 से 3:50 | 3:50 से 4:30 |
| 08.01.2024 | गणित | संस्कृत | अंग्रेजी | – | हिन्दी | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
| 09.01.2024 | अंग्रेजी | हिन्दी | गणित | – | संस्कृत | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
| 10.01.2024 | विज्ञान | हिन्दी | गणित | – | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | संस्कृत |
| 11.01.2024 | गणित | संस्कृत | अंग्रेजी | – | हिन्दी | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
| 12.01.2024 | अंग्रेजी | हिन्दी | गणित | – | संस्कृत | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
| 13.01.2024 | विज्ञान | हिन्दी | गणित | – | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | संस्कृत |

जिन विद्यालयों में अन्य विषय भी संचालित हैं वे इस समय सारणी के अनुसार दिनांक 08.01.2024 से 13.01.2024 तक अभ्यास कार्यक्रम बनाकर अभ्यास कार्य कराएं।

क्रमशः

## कक्षा–11वीं एवं 12वीं हेतु दिनांक 08.01.2024 से 13.01.2024 तक अभ्यास कार्यक्रम

| दिनाक | प्रथम एवं द्वितीय कालखण्ड अभ्यास प्रश्न पत्र हेतु समय | तृतीय नियमित कालखण्ड | चतुर्थ नियमित कालखण्ड | मध्यावकाश | पंचम एवं छठम् कालखण्ड अभ्यास प्रश्न पत्र हेतु | सप्तम नियमित कालखण्ड | अष्टम् नियमित कालखण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 10:50 से 12:10 | 12:10 से 12:50 | 12:50 से 1:30 | 1:30 से 1:50 | 1:50 से 3:10 | 3:10 से 3:50 | 3:50 से 4:30 |
| 08.01.2024 | अंग्रेजी | गणित / जीव विज्ञान / अर्थशास्त्र | रसायन / राजनीति / लेखाशास्त्र | | हिन्दी | भौतिक / इतिहास / व्यवसाय अध्ययन | प्रायोगिक / प्रोजेक्ट |
| 09.01.2024 | भौतिक / इतिहास / व्यवसाय अध्ययन | अंग्रेजी | गणित | | रसायन / राजनीति / लेखाशास्त्र | हिन्दी | – |
| 10.01.2024 | गणित / जीवविज्ञान / अर्थशास्त्र | अंग्रेजी | रसायन / राजनीति / लेखाशास्त्र | | पंचम नियमित कालखंड / भौतिक / इतिहास / व्यवसाय अध्ययन<br>छठवा नियमित कालखंड गणित / जीवविज्ञान / अर्थशास्त्र | हिन्दी | – |
| 11.01.2024 | अंग्रेजी | गणित / जीवविज्ञान / अर्थशास्त्र | रसायन / राजनीति / लेखाशास्त्र | | हिन्दी | भौतिक / इतिहास / व्यवसाय अध्ययन | प्रायोगिक / प्रोजेक्ट |
| 12.01.2024 | भौतिक / इतिहास / व्यवसाय अध्ययन | अंग्रेजी | गणित | | रसायन / राजनीति / लेखाशास्त्र | हिन्दी | – |
| 13.01.2024 | गणित / जीवविज्ञान / अर्थशास्त्र | अंग्रेजी | रसायन / राजनीति / लेखाशास्त्र | | पंचम नियमित कालखंड भौतिक / इतिहास / व्यवसाय अध्ययन<br>छठवा नियमित कालखंड गणित / जीवविज्ञान / अर्थशास्त्र<br>छठवा नियमित कालखंड गणित / जीवविज्ञान / अर्थशास्त्र | हिन्दी | – |

जिन विद्यालयों में अन्य संकाय / विषय भी संचालित हैं वे इस समय सारणी के अनुसार दिनांक 08.01.2024 से 13.01.2024 तक अभ्यास कार्यक्रम बनाकर अभ्यास कार्य कराऐं।

22/12/23

(अनुभा श्रीवास्तव)
आयुक्त
लोक शिक्षण म0 प्र0